दिनांक : 06.11.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- केन्द्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को दी मंजूरी।
- बुदनी और विजयपुर विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए प्रचार हुआ तेज।
- मुख्यमंत्री ने कहा वर्ष 2047 तक विकसित भारत विकसित मध्यप्रदेश का संकल्प करेंगे साकार।
- प्रदेश में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है लोक आस्था का छठ पर्व ।

**कैबिनेट-निर्णय**

**केंद्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में आज नई दिल्ली में जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त करने के पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना इसलिए शुरू की गई है ताकि वित्तीय बाधाएं भारत के किसी भी युवा को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सके।**

**योजना के अंतर्गत साढे सात लाख रुपये के ऋण पर सरकार 75 प्रतिशत की गारंटी उपलब्ध कराएगी। आठ लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले छात्रों को मोरीटोरियम अवधि के दौरान दस लाख रुपये तक के ऋण पर ब्याज में तीन प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। इस योजना से सात लाख छात्र लाभान्वित होंगे। योजना के लिए पीएमविद्यालक्ष्मी पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।**

**एक अन्य निर्णय में सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के लिए 10 हजार 700 करोड़ रुपये की इक्विटी के निवेश को मंजूरी दी है। यह निगम की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस निवेश से सरकार पर ब्याज और सब्सिडी का बोझ भी कम होगा।**

उप चुनाव

प्रदेश में दो सीटों पर हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार दिनों दिन तेज हो रहा है। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधनी के पिपलानी और छिंदगांव काछी में जनसभाओं को संबोधित किया, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विजयपुर व बुधनी में आज प्रचार किया साथ ही, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी विजयपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया। उधर कांग्रेस कल विजयपुर सीट के गौरस में जनसभा करने जा रही है जिसमें राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलेट , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा शामिल होंगे। अन्य दल और निर्दलीय प्रत्याशी भी प्रचार में जुटे हुए हैं।

पीएम-ट्रंप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत पर श्री डोनल्ड ट्रंप को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि वे भारत-अमरीका रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने में सहयोग के लिए उत्सुक है। श्री मोदी ने वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढावा देने तथा दोनों देशों के लोगों के हित में साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

डिजिटल प्रमाणपत्र 3.0

देश भर में शासकीय सेवानिवृत पेंशनभोगी कर्मचारियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान संचालित किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लागू इस योजना के अंतर्गत अब सभी रिटायर्ड पेंशन भोगी इसका लाभ ले सकेंगे। राजधानी भोपाल सेन्ट्रल बैंक न्यू मार्केट शाखा में आज पेंशनर शिविर का आयोजन किया गया। आज से राष्ट्रव्यापी स्तर पर संचालित इस शिविर का शुभारंभ नई दिल्ली पहुंची पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, नई दिल्ली की अपर सचिव श्रीमती सोनिका खट्टर द्वारा किया गया।

## फिल्म महोत्सव - गोवा

भारत का 55वां अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 20 नवम्बर से गोवा में शुरू होगा। नौ दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में फिल्म बाजार का 18वां संस्करण भी शामिल होगा, जो कि 24 नवबंर तक चलेगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि फिल्म महोत्सव 2024 में फिल्म बाजार व्यूइंग रूम में 208 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। व्यूइंग रूम इस महीने की 21 से 24 तारीख तक खुला रहेगा।

## विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में "विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश" का संकल्प साकार करेंगे। इसके लिए सरकार सभी क्षेत्रों में विकास किया जा रहा है। सोशल मीडिया में एक संदेश में उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में वित्तीय बजट दोगुना किया जाएगा।

## रेलवे विशेष ट्रेन

रेल्वे प्रशासन ने एक अक्टूबर से 5 नवंबर के दौरान विशेष ट्रेनों के माध्यम से लगभग 7.5 करोड़ यात्रियों को बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड के लिए यात्रा करवाई है। त्यौहारों के अवसर पर भारतीय रेलवे द्वारा विशेष गाड़ियाँ चलाई जा रही हैं। इनमें चार नवंबर को एक ही दिन में तीन करोड़ यात्रियों को ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि रेल्वे मंत्रालय 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच कुल 7,666 विशेष ट्रेने चलाएगा। जो पिछले साल से 73 प्रतिशत ज्यादा है। आज 164 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। कल भी 164 ट्रेनें चलाने की योजना है।

## न्याय-उत्सव

प्रदेश में न्यायोत्सव के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुना जिला मुख्यालय सहित तहसीलों के भी शासकीय विद्यालयों में "न्यायोत्सवः- विधिक सेवा

सप्ताह" के अंतर्गत निबंध लेखन, चित्रकला, क्विज, नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित आयोजित की गई। पन्ना में प्रधान जिला न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा विधिक सेवा सप्ताह न्यायोत्सव अंतर्गत आज वरिष्ठ नागरिक आश्रय गृह में विशेष चिकित्सीय स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शहडोल जिले में विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार—प्रसार के लिए न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। आज जिला जेल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेल में निरुद्ध कैदियों को निशुल्क विधिक सहायता की योजनाओं एवं बंदियों के प्रकरण के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा कल्याणपुर वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

## छठ पूजा

प्रदेश में कई स्थानों पर छठ पर्व मनाया जा रहा है। चार दिवसीय महापर्व में आज महिलाओं ने खरना का व्रत रखा। अनूपपुर में व्रत की शुरुआत खरना के साथ सामतपुर में मड़फा तालाब शिव मारुति मंदिर में एवं तिपान पदी के तट पर छठ मैया के पूजा का ध्वज वंदन के साथ हुई । भोपाल, इंदौर सहित कई अन्य शहरों में भी घाटों पर छठ पर्व के लिए विशेष इंतजाम किए गए है।

## मौसम

प्रदेश में अब मौसम ने करवट बदल ली है। यहां अधिकतर शहरों में रातें ठंडी हो गई हैं। कई शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे है। जिसमें पचमढ़ी सबसे ठंडा है। यहां रात का तापमान 12.2 डिग्री पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 15 नवंबर से ठंड का असर बढ़ेगा। उत्तरी हवाएं चलने से पारे में और भी गिरावट होगी।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राज्य शासन द्वारा प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम और पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की अध्यक्षता में गठित टॉस्कफोर्स का पुर्नगठन किया है।
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद्मश्री, पद्म भूषण से अलंकृत गायिका डॉ. शारदा सिन्हा के अवसान पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।**
- **जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में हुई सड़क दुर्घटना में शहीद हुए आगरमालवा जिले के 63 राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन के नायक बद्रीलाल यादव का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव नरवल में राजकीय सम्मान के साथ किया गया।**

---